## गरमपंथी–उग्रवादी चरण
## (1905 ई.–1917 ई.)

1. भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के 1905–1917 की अवधि को कहा जाता है–
(अ) उदारवादी चरण (ब) उग्रवादी चरण
(स) गाँधी युग (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (ब)
व्याख्या:– 1905–1917 ई. की अवधि को भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन का उग्रवादी चरण कहलाता है। इस समय तक भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस काफी परिपक्व हो गई थी तथा उसके लक्ष्य एवं उद्देश्य स्पष्ट हो चुके थे। इस दौरान कुछ उग्रवादी विचाराधारा वाले संगठनों ने ब्रिटिश साम्राज्यवाद को समाप्त करने के लिए पश्चिम के ही क्रांतिकारी ढंग का प्रयोग भी किया।

2. लॉर्ड कर्जन के शासनकाल का सबसे मूर्खतापूर्ण कार्य जिसने उग्र राष्ट्रीयता को जन्म दिया, क्या था ?
(अ) 1899 का कलकत्ता नगर निगम अधिनियम
(ब) 1904 का भारतीय विश्वविद्यालय अधिनियम
(स) 1904 का प्रशासकीय गोपनीयता अधिनियम
(द) 1905 का बंगाल विभाजन
उत्तर : (द)

3. निम्नलिखित में से कौनसा साधन उग्रवादियों से संबंधित नहीं है ?
(अ) स्वदेशी आंदोलन
(ब) पाश्चात्य शिक्षा का विरोध एवं राष्ट्रीय शिक्षा का प्रचार–प्रसार करना
(स) सरकारी संपत्ति को क्षतिग्रस्त करना तथा शासन तंत्र को अस्त–व्यस्त कर देना
(द) विदेशी वस्तुओं, सरकारी नौकरियों, प्रतिष्ठानों, उपाधियों तथा संस्थाओं का बहिष्कार एवं सरकार के साथ असहयोग
उत्तर : (अ)

4. भारत में उग्र राष्ट्रीयता के जन्मदाता तथा निर्भयता से राष्ट्र की वेदना को प्रकट करने वाले प्रथम भारतीय थे–
(अ) लाला लाजपत राय (ब) विपिन चन्द्र पाल
(स) बाल गंगाधर तिलक (द) सुभाष चन्द्र बोस
उत्तर : (स)

5. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की सबसे पहली महिला अध्यक्ष थीं–
(अ) सरोजनी नायडू (ब) भीखाजी कामा
(स) ऐनी बेसेंट (द) विजयलक्ष्मी पंडित
उत्तर : (स) SSC 2002, RAS/RTS 2012

6. वर्ष 1905 के बंगाल विभाजन के समय वायसराय कौन थे ?
(अ) लॉर्ड कर्जन (ब) लॉर्ड डफरिन
(स) लॉर्ड हार्डिंग (द) लॉर्ड मिण्टो
उत्तर : (अ)

7. गदर पार्टी के एक प्रमुख नेता थे–
(अ) पी. मिश्रा (ब) लाला हरदयाल
(स) बाल गंगाधर तिलक (द) विपिन चन्द्र पाल
उत्तर : (ब)

8. निम्नलिखित में से किसने गाड़ी पर यह मानकर बम फेंका था कि उसमें मुजफ्फरपुर के न्यायाधीश किंग्सफोर्ड बैठे थे ?
(अ) लाला लाजपत राय और अजीत सिंह
(ब) विपिन चन्द्र पाल और अरविंद घोष
(स) खुदीराम बोस और प्रफुल्ल चाकी
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स) SSC 2000

9. 'स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और उसे मैं लेकर रहूँगा'' यह किसने कहा था ?
(अ) अरविंद घोष (ब) महात्मा गाँधी
(स) सुभाष चन्द्र बोस (द) बाल गंगाधर तिलक
उत्तर : (द) SSC 2000, RRB 2005

10. मॉर्ले–मिण्टो रिफॉर्म को किस वर्ष में प्रस्तुत किया गया था ?
(अ) 1909 (ब) 1919
(स) 1935 (द) 1942
उत्तर : (अ) SSC 2000

11. भारतीय परिषद अधिनियम, 1909 का सर्वग्राह्य नाम है–
(अ) संसद अधिनियम
(ब) माण्टेग्यू चेम्सफोर्ड सुधार
(स) मॉर्ले–मिण्टो सुधार
(द) न्यायपालिका अधिनियम
उत्तर : (स)

12. सांप्रदायिक निर्वाचन क्षेत्रों की पद्धति की शुरूआत भारत में किसके द्वारा हुई ?
(अ) 1892 का भारतीय परिषद अधिनियम
(ब) 1909 का मॉर्ले–मिण्टो रिफॉर्म
(स) 1919 का मॉण्टेग्यू–चेम्सफोर्ड रिफॉर्म
(द) 1935 का भारत सरकार अधिनियम
उत्तर : (ब) SSC 1999, RRB 2003

13. भारत में गरमदलीय आंदोलन का पिता किसे कहा जाता है ?
(अ) मोतीलाल नेहरू (ब) गोपाल कृष्ण गोखले
(स) वल्लभभाई पटेल (द) बाल गंगाधर तिलक
उत्तर : (द) SSC 1999

www.rajstudents.com

14. निम्नलिखित में से कौन पहले एक क्रांतिकारी थे, जो बाद में एक योगी और दार्शनिक बन गए ?
(अ) लाला लाजपत राय
(ब) अगरकर
(स) बाल गंगाधर तिलक
(द) अरविंद घोष
उत्तर : (द) RRB 2006

15. वर्ष 1909 में मैडम भीखाजी रुस्तम कामा पेरिस में निम्नलिखित में से कौन–सा समाचार पत्र प्रकाशित करती थी ?
(अ) वंदे मातरम् (ब) स्वराज
(स) स्वाभिमान (द) पैट्रियट
उत्तर : (द) RRB 2006

16. 'भारतीय क्रांति की जननी' किसे कहा गया है ?
(अ) श्रीमती एनी बेसेंट
(ब) स्नेहलता वाडेकर
(स) सरोजिनी नायडू
(द) मैडम भीखाजी रुस्तम कामा
उत्तर : (द) BPSC 2017

17. 1916 ई. में मद्रास में होमरुल मूवमेंट के प्रवर्तक कौन थे ?
(अ) महात्मा गांधी (ब) टी. प्रकाशम
(स) एनी बेसेंट (द) सी. राजगोपालाचारी
उत्तर : (स) RRB 2005

18. बाल गंगाधर तिलक द्वारा शुरू की गई साप्ताहिक पत्रिका कौन–सी थी ?
(अ) यंग इंडिया (ब) केसरी
(स) कामरेड (द) अल हिलाल
उत्तर : (ब) RRB 2003

19. 'शेर–ए–पंजाब' किसका उपनाम है ?
(अ) विपिन चन्द्र पाल (ब) लाला लाजपत राय
(स) सरदार भगत सिंह (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (ब) RRB 2003

20. भारतीय इतिहास में 1912 का ऐतिहासिक महत्व क्या था ?
(अ) महात्मा गांधी की मृत्यु
(ब) बंगाल विभाजन
(स) राजधानी का कोलकाता से दिल्ली स्थानान्तरण
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स)

21. किस गवर्नर जनरल ने 1911 में भारत की राजधानी कोलकाता से दिल्ली स्थानांतरित करने की घोषणा की ?
(अ) लॉर्ड माउंटबेटन (ब) लॉर्ड कैनिंग
(स) लॉर्ड हार्डिंग (द) वारेन हेस्टिंग्स
उत्तर : (स) RRB 2003

22. अनुशीलन समिति सम्बद्ध है–
(अ) वी.डी. सावरकर (ब) भगत सिंह
(स) चन्द्रशेखर आजाद (द) दादाभाई नौरोजी
उत्तर : (अ)

23. 'अल हिलाल' समाचार पत्र किसके द्वारा राष्ट्रीयता के प्रचार के लिए शुरु किया गया था ?
(अ) मोहम्मद अली
(ब) महात्मा गांधी
(स) अबुल कलाम आजाद
(द) सैय्यद अहमद खाँ
उत्तर : (स) RRB 2003

24. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का प्रथम विभाजन कब हुआ था ?
(अ) 1908 ई. में (ब) 1905 ई. में
(स) 1907 ई. में (द) 1906 ई. में
उत्तर : (स) RRB 2005

25. मुस्लिम लीग की स्थापना का श्रेय जाता है–
(अ) मुहम्मद अली जिन्ना को
(ब) सैय्यद अहमद खाँ
(स) सलीमुल्ला
(द) खान अब्दुल गफ्फार खाँ
उत्तर : (स) RRB 2004

26. महाराष्ट्र में गणपति उत्सव आरंभ करने का श्रेय किसको प्राप्त है ?
(अ) वल्लभभाई पटेल (ब) बाल गंगाधर तिलक
(स) शिवाजी महाराज (द) विपिन चन्द प्राल
उत्तर : (ब) RRB 2004

27. स्वदेशी आंदोलन शुरु किया गया था–
(अ) बंगाल विभाजन के विरोध के रूप में
(ब) भारतीय माल के उपभोग को प्रोत्साहित करने के लिए
(स) जलियाँवाला बाग में भारतीयों की हत्या के विरोध में
(द) भारत में एक उत्तरदायी सरकार बना सकने में ब्रिटिश सरकार की असफलता के कारण
उत्तर : (अ) CPO 2003

28. बंगाल विभाजन (1905) के पीछे ब्रिटिश सरकार का उद्देश्य क्या था ?
(अ) बंगाल में अकाल के कारण उत्पन्न अव्यवस्था को दूर करना
(ब) बंगाल में मुसलमानों के हितों की रक्षा करना
(स) बंगाल में बढ़ते हुए राष्ट्रवाद को दबाना
(द) उपर्युक्त सभी
उत्तर : (स)

29. बंगाल विभाजन के विरुद्ध विद्रोह का नेतृत्व किसने किया था ?
(अ) सुरेन्द्रनाथ बनर्जी ने
(ब) सी.आर. दास ने
(स) सुभाष चन्द्र बोस ने
(द) अरुणा आसफ अली ने
उत्तर : (अ) NDA 2003

30. बंगाल 1905 में विभाजित हुआ जिसके विरोध के फलस्वरूप यह पुनः एकीकृत हुआ–
(अ) 1906 ई. में (ब) 1916 ई. में
(स) 1911 ई. में (द) 1909 ई. में
उत्तर : (स) BPSC 2004

31. कांग्रेस लीग समझौता (लखनऊ समझौता, 1916) का दूरगामी परिणाम क्या हुआ था ?
(अ) भारत का विभाजन तथा पाकिस्तान का निर्माण
(ब) दोनों संस्थाओं ने मिलकर स्वतंत्रता के लिए प्रयास किया
(स) हिन्दू–मुस्लिम एकता को बल मिला
(द) ब्रिटिश सरकार की फूट डालो व राज करों की नीति असफल हुई
उत्तर : (अ)

32. 1907 में हुए कांग्रेस के उदारवादी व उग्रवादी नेताओं के बीच संघर्ष एवं मतभेद का क्या कारण था ?
(अ) लोकमान्य तिलक का अपमान
(ब) राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष पद का चुनाव
(स) बंग–भंग विरोधी आंदोलन की असफलता
(द) बंग–भंग विरोधी आंदोलन की कार्यवाही पर मतभेद
उत्तर : (ब)

33. 1907 के कांग्रेस के सूरत अधिवेशन की अध्यक्षता किसने की ?
(अ) डॉ. रास बिहारी बोस
(ब) सुरेन्द्र नाथ बनर्जी
(स) दादाभाई नौरोजी
(द) व्योमेश चन्द्र बनर्जी
उत्तर : (अ)

34. 'अनुशीलन समिति' थी–
(अ) नारी उत्थान के प्रति समर्पित
(ब) विधवा विवाह को प्रोत्साहित करने वाली
(स) मजदूरों के कल्याण में रुचि रखने वाली
(द) एक क्रांतिकारी संगठन
उत्तर : (द) BPSC 2005

35. 1908 में बाल गंगाधर तिलक को जेल हुई–
(अ) 5 वर्ष की (ब) 6 वर्ष की
(स) 7 वर्ष की (द) 8 वर्ष की
उत्तर : (ब) BPSC 1999

36. किसने कहा था कि–''कांग्रेस आंदोलन न तो लोगों द्वारा प्रेरित था, न ही यह उनके द्वारा सोचा या योजनाबद्ध किया गया था''?
(अ) लॉर्ड डफरिन (ब) सैय्यद अहमद
(स) लॉर्ड कर्जन (द) लाला लाजपत राय
उत्तर : (द) BPSC 2005

37. निम्नलिखित में से एक ने युद्ध के समय भारत की रक्षा के कानून के प्रावधानों को, जिसे 1915 में पंजाब के गदर के विरुद्ध इस्तेमाल किया गया था, शांति के समय भी जारी रखना चाहा था–
(अ) लॉर्ड कारमाइकल (ब) सर रेजिनाल्ड क्रेडॉक
(स) लॉर्ड हार्डिंग (द) विलियम बैंटिक
उत्तर : (स) BPSC 2004

38. 1906 में मिण्टो से शिमला में मिले मुसलमानों के शिष्टमंडल ने प्रार्थना की–
(अ) मुसलमानों के लिए पृथक् निर्वाचन वर्ग
(ब) संयुक्त निर्वाचन वर्ग
(स) हिन्दुओं को अधिक प्रतिनिधित्व देने के लिए
(द) मुसलमानों को मनोनयन द्वारा विशेष प्रतिनिधित्व देने के लिए
उत्तर : (अ) BPSC 2004

39. बंगाल का विभाजन हुआ–
(अ) 15 अगस्त, 1905 (ब) 15 सितम्बर, 1905
(स) 16 अक्टूबर, 1905 (द) 15 नवम्बर, 1905
उत्तर : (स) BPSC 2002

40. निम्नलिखित में से कौन–सा नेता कांग्रेस के गरम दल से संबंधित था ?
(अ) अरविन्द घोष (ब) दादाभाई नौरोजी
(स) जी.के. गोखले (द) एस.एन. बनर्जी
उत्तर : (अ) BPSC 2002

41. निम्नलिखित में से किस नेता ने 1906 में कलकत्ता कांग्रेस अधिवेशन की अध्यक्षता की थी ?
(अ) बाल गंगाधर तिलक (ब) गोपाल कृष्ण गोखले
(स) अरविन्द घोष (द) दादाभाई नौरोजी
उत्तर : (द) BPSC 2001

42. भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन गरमपंथियों के प्रभावधीन आया–
(अ) 1906 के बाद (ब) 1909 के बाद
(स) 1914 के बाद (द) 1919 के बाद
उत्तर : (अ) BPSC 1999

43. निम्नलिखित में से किसका योगदान होमरूल लीग की स्थापना में नहीं था ?
(अ) बाल गंगाधर तिलक
(ब) एनी बेसेंट
(स) एस. सुब्रमणिय अय्यर
(द) टी.एस. ऑल्कॉट
उत्तर : (द) BPSC 1995, UPPCS 2010

www.rajstudents.com

44. निम्न में कौन उग्रपंथी नहीं था ?
(अ) बाल गंगाधर तिलक (ब) मदन लाल
(स) ऊधम सिंह (द) गोपाल कृष्ण गोखले
उत्तर : (द) BPSC 2001

45. बिहार, बंगाल से अलग हुआ–
(अ) 1910 में (ब) 1912 में
(स) 1921 में (द) 1947 में
उत्तर : (ब) BPSC 1998

46. होमरुल आंदोलन, भारत के स्वतंत्रता संग्राम के एक नये चरण के आरंभ का द्योतक था, क्योंकि–
(अ) इसने देश के सामने स्वषासन की एक ठोस योजना रखी
(ब) आंदोलन का नेतृत्व गाँधीजी के हाथ में आ गया
(स) हिन्दुओं और मुसलमानों ने एक संयुक्त संघर्ष प्रारंभ किया
(द) इसने अतिवादियों और उदारवादियों के बीच पुनर्मल स्थापित किया
उत्तर : (अ) BPSC 1996

47. गदर पार्टी की स्थापना हुई–
(अ) 1907 में (ब) 1913 में
(स) 1917 में (द) 1920 में
उत्तर : (ब) BPSC 1996

48. किसने ऑल इंडिया मुस्लिम लीग की स्थापना की थी ?
(अ) सैय्यद अहमद खाँ (ब) मोहम्मद इकबाल
(स) आगा खान (द) नवाब सलीमुल्लाह खाँ
उत्तर : (द) BPSC 1996

49. गदर क्रांति छिड़ने का सबसे महत्वपूर्ण कारण क्या था ?
(अ) लाला हरदयाल की गिरफ्तारी
(ब) कामगाटामारु घटना
(स) प्रथम विश्व युद्ध का शुरु होना
(द) करतार सिंह सराभा को फाँसी
उत्तर : (स) BPSC 1996

50. किस भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन का शीर्ष गीत बना 'वंदे मातरम्' ?
(अ) चम्पारण
(ब) सविनय अवज्ञा आंदोलन
(स) असहयोग आंदोलन
(द) स्वदेशी आंदोलन
उत्तर : (द) UPPCS 2005

51. वारीन्द्र कुमार घोष के क्रियाकलापों ने एक गुप्त क्रांतिकारी संगठन को बंगाल में जन्म दिया ?
(अ) अनुशीलन समिति (ब) स्वदेशी बांधव समिति
(स) व्रती समिति (द) साधना समाज
उत्तर : (अ) BPSC 2003

52. किस अधिवेशन में होमरूल समर्थक अपनी राजनीतिक शक्ति का सफलतापूर्वक प्रदर्शन कर सके ?
(अ) कांग्रेस का 1916 लखनऊ अधिवेशन
(ब) 1920 का बंबई में होने वाला ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन अधिवेशन
(स) 1918 में होने वाला यू.पी. किसान सभा
(द) 1938 में नागपुर का संयुक्त ए.आई.टी.यू.सी.
उत्तर : (अ) BPSC 1994

53. किसने ऑल इंडिया मुस्लिम लीग की स्थापना की थी ?
(अ) सैय्यद अहमद खाँ (ब) मोहम्मद इकबाल
(स) आगा खान (द) नवाब सलीमुल्लाह खाँ
उत्तर : (द) BPSC 1996

54. निम्ननलिखित में से एनी बेसेंट द्वारा निकाले जाने वाले दो अखबार कौन–से थे ?
1. कॉमन वील
2. न्यू इंडिया
3. न्यू हिन्दू
4. दी आर्यन्स
(अ) 1 एवं 2 (ब) 1 एवं 3
(स) 2 एवं 4 (द) 3 एवं 4
उत्तर : (अ) UPPCS 2004

55. अतिवादियों व उदारवादियों के पुनर्मिलन की प्रक्रिया में प्रमख शिल्पी निम्न में से कौन था ?
(अ) एनी बेसेंट (ब) एम.ए. जिन्ना
(स) मैडम कामा (द) फिरोजशाह मेहता
उत्तर : (अ) UPPCS 2004

56. निम्नलिखित में से किसे भारतीय 'अशांति के जनक' के रूप मे जाना जाता है ?
(अ) ए.ओ. ह्यूम (ब) दादाभाई नौरोजी
(स) बाल गंगाधर तिलक (द) महात्मा गाँधी
उत्तर : (स) UPPCS 2003

57. 1915–16 में दो होमरुल लीग आरंभ की गई थी नेतृत्व में–
(अ) तिलक व ऐनी बेसेंट के
(ब) तिलक व अरविंद घोष के
(स) तिलक व लाला लाजपत राय के
(द) तिलक व विपिन चन्द्र पाल के
उत्तर : (अ) UPPCS 2003

58. 'अभिनव भारत' नामक अंग्रेज विरोधी संगठन की स्थापना की थी ?
(अ) आर.जी. भण्डारकर ने
(ब) वी.डी. सावरकर ने
(स) सी.आर. दास ने
(द) सरदार भगत सिंह ने
उत्तर : (ब) UPPCS 2002

59. राष्ट्रीय आंदोलन की अवधि में जिस घटना ने मतभेद के बीज बोये एवं अन्ततः देश का विभाजन कराया, थी–
(अ) वर्ष 1906 में मुस्लिम लीग की स्थापना
(ब) वर्ष 1905 में बंगाल का विभाजन
(स) गाँधीजी द्वारा खिलाफत आंदोलन को समर्थन
(द) विधानसभाओं में मुसलमानों के लिए पृथक् निर्वाचन क्षेत्रों में स्थानों का आरक्षण
उत्तर : (द) UPPCS 2003

60. किसने मोहम्मद अली जिन्ना को 'हिन्दू–मुस्लिम एकता का दूत' कहा था ?
(अ) सरोजिनी नायडू
(ब) एनी बेसेंट
(स) राजकुमारी अमृत कौर
(द) अरुणा असाफ अली
उत्तर : (अ) UPPCS 2000

61. 'लाल बाल पाल' त्रिगुट का कौन व्यक्ति भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अध्यक्ष हुआ ?
(अ) लाला लाजपत राय (ब) बाल गंगाधर तिलक
(स) विपिन चन्द्र पाल (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ) UPPCS 2000

62. मुस्लिम लीग का प्रथम अध्यक्ष कौन था ?
(अ) आगा खाँ (ब) हमीद खाँ
(स) हसन खाँ (द) एम.ए. जिन्ना
उत्तर : (अ) UPPCS 1997

63. 'गीता रहस्य' नामक ग्रंथ किसके द्वारा लिखा गया ?
(अ) महात्मा गाँधी (ब) बाल गंगाधर तिलक
(स) विनोबा भावे (द) गोपाल कृष्ण गोखले
उत्तर : (ब) MPPSC 2005

64. कांग्रेस की प्रार्थना और याचिका की नीति अंततोगत्वा समाप्त हो गई–
(अ) अरविंद घोष के नेतृत्व में
(ब) बाल गंगाधर तिलक के नेतृत्व में
(स) लाला लाजपत राय के नेतृत्व में
(द) महात्मा गाँधी के नेतृत्व में
उत्तर : (ब) UPPSC 1999

65. सूरत की फूट (1907) के बाद कांग्रेस किसके हाथ में आ गई ?
(अ) गरम दल वालों के (ब) नरम दल वालों के
(स) उग्रवादियों के (द) निष्क्रिय हो गई
उत्तर : (ब)

66. "राजनीतिक स्वतंत्रता राष्ट्र की प्राणवायु है" यह कथन किसका है ?
(अ) मोतीलाल नेहरु (ब) व्योमेश चन्द्र बनर्जी
(स) अरविंद घोष (द) महात्मा गाँधी
उत्तर : (स)

67. श्रीमती एनी बेसेंट कांग्रेस की अध्यक्ष कब निर्वाचित हुई ?
(अ) कलकत्ता अधिवेशन, 1917
(ब) बंबई अधिवेशन, 1918
(स) अमृतसर अधिवेशन, 1919
(द) लखनऊ अधिवशन, 1916
उत्तर : (अ)

68. राष्ट्रीय शोक दिवस कब मनाया गया था ?
(अ) महात्मा गाँधी की मृत्यु के दिन
(ब) भारत विभाजन के दिन
(स) बंगाल विभाजन लागू होने के दिन
(द) कांग्रेस विभाजन के दिन
उत्तर : (स)

69. किसने कहा था–"तिलक भारतीय अशांति के जनक है" ?
(अ) वी. चिरोल (ब) लुई फिशर
(स) वेब मिलर (द) लॉर्ड रीडिंग
उत्तर : (अ) UPPCS 2013

70. मुजफ्फरपुर में किंग्सफोर्ड की हत्या का प्रयास कब किया गया ?
(अ) 1908 (ब) 1909
(स) 1907 (द) 1911
उत्तर : (अ) BPSC 2008

71. लॉर्ड हार्डिंग ने बंगाल विभाजन किस वर्ष रद्द किया ?
(अ) 1911 (ब) 1904
(स) 1906 (द) 1907
उत्तर : (अ) BPSC 2008

72. अलीपुर बमकाण्ड में अरविंद घोष का बचाव किस वकील ने किया था ?
(अ) बी.सी. पाल (ब) मोतीलाल नेहरु
(स) भनाभाई देसाई (द) सी.आर. दास
उत्तर : (द)

73. वर्ष 1916 में मुस्लिम लीग और कांग्रेस के बीच किसने समझौता कराया था ?
(अ) बी.जी. तिलक (ब) जी.के. गोखले
(स) एनी बेसेंट (द) जे.एल. नेहरु
उत्तर : (अ) UPPCS 2008

74. निम्नलिखित में किस एक ने 1916 में लखनऊ में आयोजित भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अधिवेशन में अध्यक्षता की थी ?
(अ) एनी बेसेंट
(ब) लाला लाजपत राय
(स) मोती लाल नेहरु
(द) अम्बिकाचरण मजुमदार
उत्तर : (द) UPPCS 2008

75. भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के संदर्भ में 16 अक्टूबर, 1905 निम्नलिखित कारणों में से किसके लिए प्रसिद्ध है ?
(अ) कलकत्ता के टाउन हॉल में स्वदेशी आंदोलन की औपचारिक घोषणा की गई थी
(ब) इस दिन आधिकारिक रूप से बंग–भंग (बंगाल विभाजन) लागू हुआ
(स) दादा भाई नौरोजी ने घोषणा की कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का लक्ष्य स्वराज्य है
(द) लोकमान्य तिलक ने पूना में विदेशी आंदोलन प्रारंभ किया
उत्तर : (ब) UPPSC 2009

76. निम्नलिखित में वह कौन था जो काकोरी षड़यंत्र काण्ड में फाँसी की सजा से बच गया था ?
(अ) अशफाकुल्ला खाँ (ब) राजेन्द्र लाहिड़ी
(स) रामप्रसाद बिस्मिल (द) चन्द्रशेखर आजाद
उत्तर : (द) UPPSC 2011

77. निम्नलिखित में से किसने स्वदेशी आंदोलन का नेतृत्व दिल्ली में किया था ?
(अ) बाल गंगाधर तिलक (ब) अजीत सिंह
(स) लाला लाजपत राय (द) सैयद हैदर रजा
उत्तर : (द) UPPSC 2011

78. प्रथम महायुद्ध के दौरान कहाँ पर भारत की एक अनन्तिम सरकार बनी थी, जिसके प्रेसीडेंट राजा महेन्द्र प्रताप थे ?
(अ) अफगानिस्तान में (ब) जर्मनी में
(स) सिंगापुर में (द) तुर्की में
उत्तर : (अ) UPPSC 2012

79. स्वदेशी आंदोलन (1905–08) के प्रारंभ का तात्कालिक कारण क्या था ?
(अ) लॉर्ड कर्जन द्वारा किया गया बंगाल विभाजन
(ब) लोकमान्य तिलक पर अधिरोपित 18 महीने के सख्त कारावास का दण्डादेश
(स) लाला लाजपत राय तथा अजीत सिंह की गिरफ्तारी व निर्वासन
(द) चापेकर बंधुओं को मृत्युदण्ड की सजा सुनाया जाना
उत्तर : (अ) UPPSC 2010

80. निम्नलिखित में से किस आंदोलन के कारण भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का विभाजन हुआ जिसके कारण 'नरम दल' और 'गरम दल' का उद्‌भव हुआ ?
(अ) स्वदेशी आंदोलन
(ब) भारत छोड़ो आंदोलन
(स) असहयोग आंदोलन
(द) सविनय अवज्ञा आंदोलन
उत्तर : (अ) UPPSC 2015

81. 1904 के क्रांतिकारी संगठन 'अभिनव भारत' संगठित किया गया था–
(अ) ओडिशा में
(ब) बंगाल में मुसलमानों के हितों की रक्षा करना
(स) उत्तर प्रदेश में
(द) महाराष्ट्र में
उत्तर : (द) UPPSC 2015

82. उन्होंने मैजिनी, गैरीबाल्डी, शिवाजी महाराज तथा श्रीकृष्ण की जीवनी लिखी है। वे अमेरिका में कुछ समय के लिए रहे तथा वे केन्द्रीय सभा के सदस्य भी निर्वासित हुए।
(अ) अरविंद घोष (ब) विपिन चन्द्र पाल
(स) लाला लाजपत राय (द) मोतीलाल नेहरु
उत्तर : (स) UPPSC 2018

www.rajstudents.com